शरण साँवरे की | By Kumar Vishu

जबसे शरण सांवरे तेरी आया
बाबा हर कदम पे मैंने साथ तेरा पाया

सपना जो देखा वो सच हो गया है
जो ना हुआ कभी वो अब हो गया है
सर पे हुआ जो मेरे श्याम तेरा साया
जबसे शरण सांवरे तेरी आया

कुछ भी नहीं था मैं अब से पहले
तुझसे मिला तो मेरे दिन हुए रुपहले
कृपा कर के तूने मेरा नसीबा जगाया
जबसे शरण सांवरे तेरी आया

धन मान सम्मान शोहरत दिलाई
जहाँ भी बुलाया है हुआ तू सहाई
दिया हारने ना तूने हौंसला बढ़ाया
जबसे शरण सांवरे तेरी आया

श्याम खाटू आया हूँ आता रहूँगा
तेरे नाम की महिमा गाता रहूँगा
अभी तक तो मैंने हर पल यूँ ही गंवाया
जबसे शरण सांवरे तेरी आया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%b0%e0%a4%a3-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%81%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%80-by-kumar-vishu/